सत्यमेव जयते

राजस्थान राजपत्र विशेषांक	RAJASTHAN GAZETTE Extraordinary
साधिकार प्रकाशित	Published by Authority
भाद्र 24, सोमवार, *शाके* 1947- सितम्बर 15, 2025 Bhadra 24, Monday, Saka 1947- September 15, 2025	

भाग 6 (क)

नगरपालिकाओं संबंधी विज्ञप्तियां आदि।

स्वायत शासन विभाग, राज. जयपुर

अधिसूचना

जयपुर, सितम्बर 01, 2025

संख्या प.10(न.पा.)(गठन)(चुनाव)डीएलबी/25/14521:-राजस्थान नगरपालिका अधिनियम, 2009 की धारा 3 एवं 10 तथा राजस्थान नगर पालिका (निर्वाचन) नियम, 1994 के नियम 3 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिला कलक्टर बीकानेर द्वारा स्थानीय निकाय नगर पालिका श्रीडूंगरगढ हेतु वार्ड गठन के प्रारुप आदेश पर प्राप्त आपत्तियों के संबध में प्रस्ताव, अपने अभिमत सहित प्रेषित किये गये हैं। वार्ड गठन के प्रारुप आदेश पर आपत्तियों पर विचार करने के पश्चात राज्य सरकार उनके अभिमत से सहमत है तथा उनके द्वारा प्रस्तावित वार्ड गठन के प्रारुप आदेश को अनुमोदित करती है।

यह सक्षम स्तर से अनुमोदित हैं ।

राज्यपाल की आज्ञा से,

जुईकर प्रतीक चन्द्रशेखर,
निदेशक एवं विशिष्ट शासन सचिव।

<u>नगर पालिका श्रीडूंगरगढ का सीमा विवरण प्रपत्र-क वर्ष-2025</u>

वार्ड सं.	विवरण	जनसंख्या
01	पारासर जी मन्दिर से उत्तर की ओर सत्यनारायण जोशी, श्याम जी पुरोहित व शंकर दास स्वामी के मकान से सीधे आगे बीड़ भुमि व न.पा. श्रीडूं . की सीमा तक तथा इससे पश्चिम की ओर बीड़ भुमि व सीमा के सहारे-सहारे क्षेत्र को शामिल करते हुए कालू रोड़ को पार करके बस्ती ओडान व बालाजी नगर व आस-पास की बस्ती को शामिल करते हुए पूर्व की ओर कालू रोड़ को पार करके किशनलाल महिया, मोहनलाल गोदारा सरकारी स्कूल व पन्नाराम महिया के मकान को शामिल करते हुए पारासर मन्दिर तक।	1416
02	रामलाल गोदारा के मकान से पूर्व की ओर रामचन्द्र गोदारा, शंकरलाल मेघवाल, सीताराम जी पाण्डिया व सोनी कुवा की खुली जगह को शामिल करते हुए दक्षिण की ओर नोहरा खेताराम जी, छगनजी पाण्डिया, मालजी जोशी का मकान, शिवबक्स जोशी, डूंगरमल मोहता के मकान से होते हुए ट्रान्सफार्मर तक तथा इससे पश्चिम की ओर सम्पत दुसाद तक तथा इससे उत्तर की ओर	1164

	मकान प्रकाश दुसाद, शंकर जी जोशी से पश्चिम की ओर जैसाराम सारण, भिखे खां दमामी, मैना दमामी, मेघसिंह राजपुत, मोहनसिंह राजपुत होते हुए छगन जी सारस्वत के बाडे तक व इससे उत्तर की ओर श्याम सुन्दर पुरोहित की दुकान होते हुए रामलाल गोदारा के मकान तक।	
03	कालू रोड़ के पश्चिम में गौमाता भण्डारा गौशाला से उत्तर की ओर मुक्तिधाम श्मसान भुमि, रामलाल माली की दुकान से विमल प्रजापत होते हुए करणी कॉलोनी के गेट से आगे बालाजी नगर को छोड़ते हुए सम्पत जी दुसाद को शामिल करके दक्षिण की तरफ जय गुरूदेव कॉलोनी, रघुपति राघव नगर, गिंवारिया बस्ती व आस-पास की समस्त बस्ती को शामिल करते हुए कालू रोड़ पर करण्ट बालाजी को छोड़ते हुए उत्तर की ओर गौमाता भण्डारा गौशाला तक।	1250
04	गणेश सिंह बिका के नोहरे से दक्षिण बाबुलाल सुनार का मकान, गणेशमल सुनार, टीकु जी गोदारा, हड़मान दुसाद होते हुए जाट भवन तक तथा इससे पूर्व की ओर बाबुलाल झंवर, जीवराज कठोतिया के मकान से बंशीजी नाई के मकान तक व इससे उत्तर की ओर भंवर जी गोदारा, मालजी दुसाद, लालजी माली होते हुए गौरीशंकर स्वामी से पश्चिम की तरफ बढ़कर उत्तर की तरफ भंवर जी मोट के मकान को शामिल करते हुए पुनः पश्चिम की ओर मुश्ताक दमामी, गणेशसिंह बीका के मकान से गणेश सिंह बीका के नोहरे तक।	1190
05	राजमल डागा की दुकान से उत्तर धनजी दर्जी के मकान तक इससे पश्चिम धनराज भादानी, भिखजी सेठीया, सोहन लाल जी बोथरा कुवा, बोधराम, श्रीचन्द कठोतीया होते हुए आगे कालू रोड़ को पार कर पम्प हाउस से आगे बावरीया बस्ती को छोड़कर पक्के जोहड़ को शामिल करके करण्ट बालाजी को शामिल करके पूर्व की कालू रोड़ को पार कर सरकारी हाई स्कुल, कन्हैयालाल बोथरा मकान व पिछे की गली व शिव स्कुल को शामिल करते हुए पूर्व में मांगीलाल पुगलीया, भंवरलाल उपाध्याय, पानमल पुगलीया, टीएसएस, जीवण जी सुनार, भादाणी कटला होते हूए राजमल डागा की दुकान तक।	1431
06	जगदीश की कपडे की दुकान से पश्चिम रामलाल नाई की दुकान, महिला मण्डल, अजित पीसीओ से महावीर मोदी तक तथा इससे दक्षिण अमृत भवन, राजकुमार स्वामी, इदरीश तेली, राजकुमार ब्राह्मण, किशोर तावणियां से पूर्व में आशिष जाड़ीवाल के मकान तक तथा इससे उत्तर में तोलाराम सांचेती के नोहरे से पूर्व की ओर असलम चोपदार, गजुसिंह की आटा चक्की से काशीराम सारस्वा से होते हुए लालमोहमद चांगल के मकान तक, स्टेशन रोड़ पर उत्तर की ओर दलपत टी कंपनी, गांधी पार्क को शामिल करते हुए जगदीश की कपडे की दुकान तक।	1428
07	स्टेशन रोड़ पर लक्की मोबाईल हाउस से दक्षिण में जगदिश प्रसाद आचार्य के कटले से बाल भारती स्कुल, बिजली घर पुराना होते हुए शंकर दयाल मोची तक तथा इससे पश्चिम की ओर सुभान मिस्त्री, मांगीलाल प्रजापत से यासीन कुंजड़ा तक व इससे उत्तर में प्रेम का बाड़ा, बुलाराम प्रजापत से रास्ते के अनुसार	1142

	पश्चिम की तरफ थानाराम सुथार, पूर्णमल स्वामी, हारून तेली से होते हुए तोलाराम सुनार तक तथा इससे उत्तर की ओर उस्मान तगाला, असरफ की दुकान को शामिल करते हुए पूनः पश्चिम की ओर बजरंगलाल गुलगुलीया से उत्तर शुरवीर मोदी, तोलाराम सांचेती के मकान तक व इससे पूर्व की ओर महबुब हुसेन भट्टे वाला, भाटी कबाडी से होते हुए स्टेशन रोड़ पर लक्की मोबाईल हाउस तक।	
08	कुन्दनमल नाई से उत्तर की ओर साबिर तगाला तक व इससे पश्चिम की ओर मदन नाई, भंसाली कुवा होते हुए बाबूलाल तावणियां से उत्तर रामलाल वाल्मिकी व स्टेडीयम को शामिल करते हुए स्वर्णकार भवन तक तंथा इससे पूर्व की ओर भुतेश्वर मन्दिर भैरूनाथ बगीची, ओसवाल श्मसान होते हुए न.पा. सीमा से टकराते हुए दक्षिण की ओर बावरीया बस्ती, वसुंधरा नगर से आगे नेशनल हाइवे पार करते हुए बुडानिया पम्प, जीएसएस, सेसुमु स्कुल को शामिल करते हुए पूर्वी तरफ राजपुत छात्रावास, लालचन्द मदनलाल कायल का कबजा, मालजी ओझा की बाड़ी, किशनाराम नाई की बाड़ी से उत्तर की ओर नेशनल हाईवे पार करके बाड़ा शिव मोदी, मालजी ओझा का नोहरा, मघाराम सिहाग को शामिल कर पूर्व की ओर भोमाराम से नारायण सिहाग तक तथा इससे उत्तर की ओर अर्जन राम, रामकिशन सिहाग, अमित राव को शामिल कर पूर्व की ओर जय सियाराम मोदी तक व इससे उत्तर मदन जंवरीया के बाड़े से रास्ता अनुसार पूर्व की ओर मदन तांवणियां, बजरंग जंवरीया, डागा स्कुल, रेवन्तराम प्रजापत, बजरंग प्रजापत होते हुए कुन्दनमल नाई तक।	1467
09	इशाक छींपा के मकान से दक्षिण सदीक छींपा, गफुर कुंजड़ा, सुगनाराम नायक होते हुए कुन्दनमल सोनी के मकान तक तथा इससे पश्चिम की ओर मदनसिंह बीका, मेघसिंह राजपुत को शामिल करते हुए दक्षिण की ओर नारायण प्रसाद होते हुए बद्रीप्रसाद सोनी के मकान तक व इससे पश्चिम की ओर ज्ञान भारती स्कुल, प्रजापति भवन, मदर इण्डिया स्कुल होते हुए मुस्से खां, पंजाब गीर के मकान तक, इससे उत्तर में मणिशंकर औझा, शंकर औझा रास्ते के अनुसार थोड़ा-थोड़ा पूर्व की ओर रामचन्द्र जंवरिया, निहालचन्द जंवरिया, कन्हैयालाल औझा होते हुए कमल नाई के मकान को शामिल करते हुए बबलू की दुकान व घींगड़ मैदान को शामिल करके तोलाराम स्वामी, लिछु पुजारी होते हुए सीधे पूर्व की ओर अनवर छींपा होते हुए इशाक छींपा के मकान तक।	1257
10	नेशनल हाइवे पर मंगलाराम गोदारा के मकान से उत्तर मुलाराम प्रजापत से जगदिश गोयतान होते हुए पूर्व की तरफ पूर्णनाथ सिद्ध तक व इससे उत्तर भंवरलाल प्रजापत तक तथा इससे पश्चिम संचिया लाल माली, रामदयाल पूर्व पार्षद, हिरालाल मिस्त्री, राधेश्याम से लुणाराम जाट तक तथा इससे दक्षिण की ओर भगवानाराम जाट से मुलाराम गेधर हाते हुए रामुनाथ सिद्ध व इससे दक्षिण मामराज भाट से नेशनल हाइवे पर जिवराज नाई के बाड़े तक तथा इससे पूर्व की ओर रामेश्वरलाल बिश्नोई, पूर्णाराम पारिक का नोहरा होते हुए मंगलाराम	1458

	गोदारा के मकान तक।	
11	स्टेशन रोड़ पर भैरू सिन्धी के मकान से दक्षिण में सुभाष बाल मन्दिर स्कुल तक तथा इससे पश्चिम गौरीशंकर सिद्ध से उत्तर की ओर किशनलाल व्यास को लेते हुए पश्चिम की ओर मालजी व्यास का बाड़ा, ठाकुर मन्दिर होते हुए रामुनाथ की दुकान तक तथा इससे उत्तर की ओर सोहनसिंह चैहान के मकान तक तथा इससे पूर्व की ओर इकबाल राइन, सांवरमल सुनार, केशरदेव राव होते हुए भैरू सिन्धी के मकान तक।	1254
12	स्टेशन रोड़ पर जलदाय विभाग की पानी की टंकी से दक्षिण नेशनल हाइवे पर आशीष होटल को लेते हुए हाइवे को पार करके जोधपुर मिष्ठान भण्डार, दुरसंचार विभाग टावर कार्यालय, वृताधिकारी पुलिस कार्यालय, अधिशाषी अभियंता, जोधपुर विद्युत वितरण नि. लि. कार्यालय से आगे बिदासर सड़क मार्ग से रेलवे फाटक को शामिल करते हुए पश्चिम की तरफ की बस्ती को शामिल करके न.पा. सीमा तक व इससे पश्चिम कि तरफ रेलवे स्टेशन को शामिल करते हुए न.पा. सीमा के सहारे-सहारे पुन्दलसर गांव के कच्चे मार्ग तक तथा इससे उत्तर की ओर एनएच 11 पर गणपती धर्मकांटा, केशराराम मदनलाल कायल का कब्जा व जीवणजी सुनार की दुकान को शामिल करते हुए एनएच 11 पर पश्चिम की ओर खातून के घर तक तथा इससे उत्तर कालू खां कुंजड़ा व इससे पूर्व मोहमद सफी छींपा को लेते हुए उत्तर की ओर नेक मोहमद मदान, नारायण जी प्रजापत होते हुए करणी पार्क तक तथा इससे पूर्व करणी माता मन्दिर से लाल खां से कायम खानी तक व इससे दक्षिण सुभान छींपा होते हुए पूर्व की ओर रेवन्तराम प्रजापत होते हुए जलदाय विभाग की पानी की टंकी तक।	1479
13	स्टेशन रोड़ पर मालजी नाई के होटल से दक्षिण पी.डब्ल्यू. डी. ओफिस, विद्युत विभाग, धान मण्डी तथा इनके पिछे की समस्त बस्ती को शामिल करते हुए रेलवे फाटक व न.पा. सीमा के अन्दर पांगलिया धोरा, प्रताप बस्ती, शिव नगर व आस-पास की बस्ती को शामिल करते हुए व शिशु श्मसान को शामिल करते हुए नेशनल हाइवे पर जांगीड़ मोटर एजेंसी तक तथा इससे पश्चिम न.पा. कार्यालय, पुलिस थाना, पंचायत समिति व उपखण्ड व तहसील कार्यालय होते हुए स्टेशन रोड़ पर मालजी नाई के होटल तक।	1215
14	स्टेशन रोड़ पर मस्जिद से दक्षिण की ओर विश्वकर्मा मन्दिर, इमरान राईन हाते हुए जिवणराम सोनी धर्मकांटा मकान तक तथा इससे पूर्व गोपाल होटल, अंजनी कॉम्प्लेक्स होते हुए हरीश सिन्धी की दुकान तक व इससे उत्तर की ओर एस कुमार होते हुए फुसाराम सुथार तथा इससे पश्चिम रामजी सारस्वत से उत्तर की ओर देवीलाल गुरावा, चान्दजी तांवणीयां, ओमजी सुथार की दुकान से पश्चिम की तरफ स्टेशन रोड़ पर मस्जिद तक।	1185
15	नेमचन्द डागा के नोहरे से दक्षिण नारायण राजपुत, महेश भवन होते हुए चांडक कुवा तक तथा इससे पश्चिम तोलाराम जाट, छोगमल शर्मा (मास्टर जी) के	1322

	मकान होते हुए दक्षिण की ओर शंकरलाल करनाणी तथा इससे पश्चिम लक्ष्मीनारायण छंगाणी होते हुए शिव सारस्वत तक इससे उत्तर की ओर गणेश सारस्वा, अमराराम सारस्वा से तोलाराम तांवणियां के मकान तक तथा इससे पूर्व सुशिल मुंधड़ा, नोरंग चाहर के बाड़े से होते हुए नेमचन्द डागा के नोहरे तक।	
16	टोडरमल बलदेवा के कुए से दक्षिण महेश मंत्री, ओम जी, मंगलाराम मेघवाल, दाउद काजी होते हुए जब्बार के मकान तक तथा इससे पश्चिम बिलाल के घर तक व इससे उत्तर मकान अस्त अली होते हूए पश्चिम सीरू नाई को शामिल कर उत्तर देवीदत्त पालीवाल से हुलास मीणा के मकान को लेते हुए पश्चिम की ओर मालजी पेड़ीवाल का बाड़ा तक तत्पश्चात् उत्तर की ओर गणेश औझा, सारस्वत भवन होते हुए हुसेन ठेकेदार तक तथा इससे पूर्व की सीधे टोडरमल बल्देवा के कुवा तक।	1168
17	आरीफ गौरी के मकान से दक्षिण कैलाश वकील, मांगीलाल राजपुरोहित होते हुए शारदे बाल्मिकी विद्यालय नेशनल हाईवे तक, तथा इससे पश्चिम रूपा देवी स्कुल, हड़मान जी व्यास का मकान, हड़मानमल खाती होते हुए पोकरमल सिंधी को शामिल कर उत्तर में रेवन्त सिंह की चक्की, राजु खाती, भवानी उपाध्याय होते हुए गौरीशंकर चाण्डक तक तथा इससे पूर्व में गोपी मीणा होते हुए विनोद गुसांई तक व इससे दक्षिण कालीमाता मन्दिर व इससे पूर्व लाला कसाई से दक्षिण भीखाराम खाती को शामिल करते हुए पूर्व की ओर आरीफ गौरी के मकान तक।	1270
18	कांथड़िया के बाड़ा से पूर्व मेहन्दी पुर बालाजी से जब्बार खोखर तक तथा इससे दक्षिण इन्द्र ढ़ोली, मेघवाल व रेगरों के श्मशान भूमि के आगे भूतेश्वर मन्दिर को शामिल करते हुए नेशनल हाईवे तक तथा इससे पश्चिम टीकूगर गुसांई, सोहन पुरी ठेकेदार से सी.बी.ओ. कार्यालय तक व इससे उत्तर की ओर मकान मांगीलाल स्वामी, हिरालाल सिंधी, सीताराम जी की दुकान, थानमल भाटी, गोगामेड़ी होते हुए कांथड़ियों के बाड़ा तक।	1484
19	नेशनल हाईवे पर सुरेश गुप्ता के मकान से उत्तर रमजान, कालू चूनगर व अयूब मण्डेलिया को शामिल कर इससे पश्चिम की ओर परमेश्वर जी औझा के मकान तक तथा इससे उत्तर की ओर उदाराम भाट, राजु ढोली से राधा किशन रेगर तक तथा इससे पूर्व मदिना मस्जिद, अयूब मदरसा से सीधे सरदार शहर रोड़ पार करके उत्तर की तरफ गणपति धर्मकांटा को शामिल करते हुए पूर्व में सतु जी की बाड़ी से न.पा. की सीमा तक व इससे दक्षिण बिग्गा बास की बोम्बे कॉलोनी 1, कमला नगर से नेशनल हाईवे को पार करते हुए न.पा.श्रीडूं. सीमा में गर्ल्स कोलेज व हनुमान धोरा व आस-पास की बस्ती से पश्चिम नारायण सोनी कॉलोनी को शामिल करते हुए उत्तर की ओर आदर्श नगर व आस-पास की बस्ती व एजी. नगर कॉलोनी, श्रीडूंगरगढ़ महाविद्यालय व इसके सटते ही मदन पारख की भुमि को शामिल करते हुए नेशनल हाईवे से पार कर सुरेश	1470

	गुप्ता के मकान तक।	
20	पूर्णाराम जाट के मकान से पूर्व की ओर घनश्याम की चक्की, बाबुलाल रेगर, सोहन नट से आगे सरदार शहर रोड़ को पार करके परशुमल का कारखाना, शिव रेगर की दुकान तब्बु की होटल व कालू की दुकान को शामिल करके न.पा. सीमा तक व इससे उत्तर की ओर सीमा के सहारे-सहारे सांई कॉलोनी व आस-पास की बस्ती व अब्दूल के कब्जे को शामिल करते हुए पश्चिम की ओर नानुदेवी स्कुल, देवनारायण कॉलोनी सहित दक्षिण की नटियों का सामुदायिक भवन से सरदार शहर की रोड़ को पार करके पश्चिम की ओर प्रजापति भवन, गज्जु समोसे वाले का मकान, पदमसिंह, आसुराम भार्गव, भागीरथ की दुकान को शामिल करते हुए मांगीलाल सिखवाल तक तथा इससे दक्षिण रतनलाल सिखवाल होते हुए पूर्णाराम जाट के मकान तक।	1467
21	मुख्य बाजार के न.पा. भवन से दक्षिण जंवरी छींपा के मकान, परमानन्द डागा की दुकान, डागा कटला, हरी मोदी की दुकान होते हुए शिव जी मोदी के मकान तक तथा इससे पूर्व की ओर कोडाराम खाती के आरा, धोरे वाले नारायण बिहाणी के घर, कन्जी नाडाणी का बाड़ा, महबुब का मकान थानमल भाटी का बाड़ा, गिरधारीसिंह की टाल होते हुए झंवंरों के नोहरे तक इससे उत्तर नन्दलाल औझा का मकान, सत्यनारायण पलोड़ होते हुए चम्पालाल झंवर के नाहरे तक व इससे पश्चिम ब्युटी डोट कॉम सेलुन, किशनजी औझा, जंवरीमल सुनार, जियो मार्ट, राठी कटला के गेट से आगे भोलेनाथ पान भण्डार तक तथा इससे रामस्नेही कटला से टकराते हुए उत्तर की तरफ हरीजर मुन्धड़ा की दुकान से पश्चिम दीपु सिंधी की दुकान व इससे पूनः दक्षिण की ओर पुलिस चौकी, रामस्नेही कटला, श्रीडूंग. पुस्तकालय से न.पा.मण्डल के भवन (बाजार) तक।	1414
22	नन्दलाल राठी के मकान से पूर्व की ओर मुलचन्द प्रजापत, किशन बासनीवाल, सोहनलाल बासनीवाल होते हुए गोपाल गौशाला का बाड़ा शामिल कर सरदार शहर रोड़ तक व इससे दक्षिण पशु चिकित्सालय होते हुए ठाकरमल प्रजापत का बाड़ा से पश्चिम की ओर रतनलाल प्रजापत, नरेन्द्र अड़ावलीया, भंवरलाल भार्गव, श्रवण भार्गव, मुलचन्द सारस्वा, सीताराम प्रजापत, बृजमोहन औझा, पुनमचन्द स्वामी से नन्दलाल स्वामी तक तथा इससे उत्तर की ओर कांवड़ीया मन्दिर, हनुमान जी का मन्दिर, मोहनलाल मोट का मकान होते हुए नन्दलाल राठी के मकान तक।	1463
23	शंकरलाल करवा से उत्तर की ओर जगदिश लोहिया, नन्दु राठी, प्रकाश सोमाणी होते हुए श्रीकिशन सोमाणी तक तथा इससे पूर्व की ओर आंखो का अस्पताल, इन्द्रचन्द प्रजापत से हरीप्रसाद माली सरदार शहर रोड़ तक तथा इससे दक्षिण लालचन्द माली, सुगनजी गुर्जर का धर्मकांटा, श्रवण गुर्जर, गोपाल गौशला गौरव पथ तक तथा इससे पश्चिम मदनलाल माली, जगदिश सिखवाल, भगवती तांवणियां होते हुए शंकरलाल करवा तक।	1455
24	मन्दिर ठाकुरजी, श्रीकिशन जी स्वामी से उत्तर देवकिशन सोमानी होते हुए	1137

	टाडा लखोटीया तक तथा इससे पूर्व की ओर गोन्विद जी मीणा, भीखजी दर्जी होते हुए पारीक होटल से सरदार शहर रोड़ पार करके सड़क के सहारे-सहारे पूर्वी तरफ घुमते हुए न.पा. सीमा के अन्दर बॉम्बे कॉलोनी व सरकारी कॉलेज से पश्चिम आस-पास की बस्ती, साटीया बस्ती, देवनारायण मन्दिर, राजपुरोहितान भवन होते हुए सड़क पार करके इन्द्रचन्द प्रजापत, नारायण प्रजापत, श्रीराम प्रजापत होते हूए मन्दिर ठाकुरजी, श्रीकिशनजी स्वामी तक।	
25	अणतुजी सुनार से उत्तर नामदेव भवन, चोखराम सारस्वत, मुनीराम गुरावा, नोपदास के बाड़े के आगे बस्ती को शामिल करते हुए न.पा. सीमा तक तथा इससे पूर्व की ओर बाड़ी जसनाथजी की व आगे जेपीएस. स्कुल, रमन कॉलेज को शामिल करते हुए न.पा. सीमा के सहारे-सहारे दक्षिण की ओर सोनी कॉलोनी को लेते हुए सरदार शहर सड़क से टकराकर पश्चिम की ओर ईन्ट भट्टा, राजस्थान होटल, तंवर होटल को शामिल करते हुए उत्तर की ओर बढ़ते हुए हंशराज चोपड़ा के नोहरे तक तथा इससे पश्चिम गोपाल भवन होते हुए अणतुजी सुनार तक।	1142
26	श्रवण सुनार से उत्तर गोपाल जी सुनार, रतनलालजी दर्जी, महावीर देरासरी होते हुए गीता जाटणी को शामिल करते हुए न.पा. सीमा तक तथा इससे पूर्व की ओर शमशान भुमि को शामिल करते हुए हड़मान गिंवारीया से दरकों की गौशाला होकर इससे दक्षिण की ओर डूंगरदास स्वामी, सुभाष जी की स्कुल, शिव धोरा मन्दिर, लेखराम सिद्ध की दुकान व मकान होते हुए सन्तलाल कुदाल के मकान तक तथा इससे पश्चिम नारायणदास जी मिस्त्री, सोहन जी शर्मा होते हुए श्रवण सुनार तक।	1160
27	हरिसिंह की चक्की से उत्तर की तरफ भैंरू सुनार, बाबुलाल औझा, हड़मान देरासरी, घनश्याम सुनार, रामजी सुनार, धनगर गुसांई से श्मशान होते हुए पश्चिम की तरफ जाकिर चुनगर किसनसिंह राजपुत, किशोरसिंह राजपुत, गोन्विद शर्मा, रूपजी कुम्हार पुरखाराम जाट, कालूजी लुहार, शंकर मेघवाल, बीड़ भूमि से पश्चिम की तरफ रामू नायक से दक्षिण की तरफ केशराराम जाट, गोपाल जी सुनार से सरकारी जीएलआर के सामने परमनाथ का बाड़ा, हीराराम भादु, परमनाथ सिद्ध चबुतरा होते हुए शैतान सिंह राजपुत, किशन भादु की चक्की, भगवानाराम नैण, कालूसिंह के मकान से पूर्व की तरफ मालजी पेड़ीवाल का नोहरा, कालूसिंह की चक्की, नवाब चुनगर, कंवर अली चुनगर, बुधुखां चुनगर, अस्त अली चुनगर होते हुए हरिसिंह की चक्की तक।	1150
28	रघुवीर टैंट वाला से पूर्व सुन्दर टैंट, बक्सीराम होते हुए नन्दकिशोर कलाणी तक तथा इससे उत्तर की ओर कुवा बेगराज सोमाणी से खाली टाडा तक तथा इससे दक्षिण लखोटिया धर्मशाला व मन्दिर होते हुए धनराजजी लखोटिया तक व इससे पश्चिम चन्दनमल सोमाणी, ओमजी स्वामी होते हुए कन्हैयालाल व्यास तक व इससे उत्तर रिधकरण सुनार होते हुए रघुवीर टैंट वाला तक।	1290
29	माताजी मन्दिर से दक्षिण बजरंग जी डागा, भैंरूजी मन्दिर से पुर्णाराम जी	1149

	व्यास तक व इससे पूर्व रमेश धूत, नारायण पुजारी से गोपीलाल राठी तक तथा इससे उत्तर की ओर शिव करवा, बिजु कलाणी से रामलाल लखोटिया तक तथा इससे पश्चिम सीधे माताजी मन्दिर तक।	
30	विजयराज डागा की दुकान से उत्तर की ओर सन्तलाल जी सुनार की दुकान, पीएनबी. बैंक होते हुए माणक चोक, ट्रांसफार्मर चैराहा तक तथा इससे पूर्व की तरफ बाबुलाल सुनार की दुकान, मांगीलाल गोलछा का मकान, बाहेती सत्संग भवन से अशोक व्यास के मकान तक तथा इससे दक्षिण छगनलाल जी व्यास, श्री राम मन्दिर से रूधलाल जी तापड़िया के मकान तक तथा इससे पश्चिम महावीर जी व्यास, राधेश्याम स्वामी, मौ.हुसेन छींपा से जगदम्बा स्टोर तक तथा इससे उत्तर की ओर बृजलाल मुन्धड़ा की दुकान से छगनलालजी तापड़िया की दुकान को शामिल करते हुए पश्चिम की ओर विजयराज डागा की दुकान तक।	1477
31	छाजेड़ प्लाजा से राजेन्द्र दर्जी, प्रमोद सेठिया होते हुए रिगतमल बोथरा के मकान तक तथा इससे पूर्व की ओर हरी मोदी, विनोद धाड़ेवा से नेमचन्द जी मालु के नोहरे तक व इससे दक्षिण मोहनलाल गोलछा से प्रकाश सिंगी होते हुए कोजाराम नाई से पवन बोथरा के खाली नोहरे तक तथा पुनः दक्षिण की ओर शंकर दर्जी, करणी सिंह राजपुत से नेमचंद मालू के नोहरे से गोविन्द राम सिन्धी होते हुए पुगलिया गेस्ट हाउस से मूलाराम नैन के मकान से होते हुए सुमेरमल सिंघी से बृजलाल ओझा के मकान तक व इससे आगे पश्चिम की और भैरुदान बाहेती, कुन्दनमल जी झाबक होते हुए छाजेड प्लाजा तक।	1443
32	कनक झाबक के पास वाले नोहरे से पूर्व में विजयराज सीधी, प्रकाश सिन्धी, मांगीलाल सिन्धी, महीराम जाट, मूलाराम नैन का बाड़ा, से उत्तर सरवन भादू, रामलाल भादू, नानुराम, रामलाल तावनिया, शंकर लाल जोशी, कमल नाई, सीताराम नैन, पूनमचंद नाई ठेकेदार, कोडू राम का बाड़ा, बिजूनाई, नानू नाई. आसुराम राजपूत, कानाराम नाई, खेताराम नाई, पूनमचंद तावनिया का बाड़ा, सरकारी भूमि किशन नाई, तोलाराम भार्गव से पीएचडी का मुख्य दरवाजा, सीताराम सुथार के बाड़े का पिछवाडा, श्रवण नाई, कालूराम नाई का पिछवाडा, हरी धांधल, भेरू धोरा के सामने से पश्चिम होते हुए दक्षिण होते हुए कैलाश सारस्वत, सीताराम सुथार का बाड़ा, phd का मुख्य दरवाजा आंगनवाडी स्कूल, हनुमान भार्गव, सांवरमल सुथार, विनोद बोथरा, रूपसिंह राजपूत, चम्पालाल नाई, जसवंत कोटडिया, मंगत मल बोथरा, देवचंद झाबक, कनक झाबक के पास वाले नोहरे तक	1417
33	मकान पूनमचन्द डाकलिया से उत्तर की ओर रूपचद मिन्डिया, ओसवाल पंचायत भवन, परमेश्वर नाई, सुगनाराम नाई, भार्गव भवन होते हुए न.पा. सीमा बीड़ भूमि तक इससे पश्चिम की तरफ लखासर भैंरूजी मन्दिर को शामिल करके बछड़ा गौशाला होते हुए दक्षिण की ओर बालचन्द सुनार, हनुमानजी मन्दिर, कालूजी दर्जी, हुलास जी दर्जी के मकान माणकचन्द सेठिया	1508

	तक तथा इससे पूर्व की ओर झंवरों के कुए की भूमि, पांचीलालजी डाकलीया होते हुए मकान पूनमचन्द डाकलिया तक।	
34	मकान पुरखचन्द जी डागा से उत्तर की ओर तिलोकचन्द सुनार, कन्हैयालाल दर्जी, जगदिश भार्गव से सुथारों के मकान से आगे बीड़ भूमि न.पा. सीमा से पश्चिम की ओर बढ़ते हुए दक्षिण की तरफ भेड़िया दफ्तर, जी.एस.एस. होते हुए श्रीकिशन पुरोहित के मकान तक तथा इससे पश्चिम रामू जी सुथार का नोहरा तक तथा इससे दक्षिण रामौवतार सुथार, गजानन्द भारती होते हुए पानी वाले झाबक जी के घर तक व इससे पूर्व सीधे पुरखचन्द जी डागा के मकान तक।	1501
35	एल.सी. बिहानी के नोहरे से उत्तर की ओर मकान महावीर जी पंवार, तुलसीराम सुथार से हंसराज माली के नोहरे को शामिल करते हुए पूर्व की तरफ मुड़कर मकान सीताराम जाट तथा इससे उत्तर की ओर छगन भारती, हड़मानमल सांसी के मकान से मकान सन्तोष भाटणी को शामिल करते हुए आगे न.पा.सीमा से टकराकर इससे पश्चिम की ओर मुड़कर न.पा. सीमा के सहारे-सहारे आगे बढ़ते हुए दक्षिण की ओर नौरंगलाल जाट के मकान को शामिल करते हुए मकान नौरंग प्रजापत, मालाराम प्रजापत, मघराज प्रजापत होते हुए करणीदान जाट तक व इससे पूर्व की ओर मुकनाराम प्रजापत होते हुए मकान पंकज सुनार तक तथा इससे दक्षिण की तरफ मुड़कर मकान रामेश्वरलाल राठी तक तथा इससे पूर्व की तरफ रतनलाल माली होते हुए एल.सी. बिहानी के नोहरे तक।	1480
36	हरिकिशन बाहेती से उत्तर शनिश्चरजी मन्दिर, बोथरा गेस्ट हाउस से कुशलचन्द डागा तक तथा इससे पश्चिम की ओर तैरापंथ भवन, राजु सोनी, रामचन्द्र झंवर होते हुए मोहनलाल आसोपा तक व इससे दक्षिण की ओर सोहनलाल बाफना, मोहता भवन को लेते हुए पश्चिम की ओर झंवरो का मन्दिर, शिव सूंटवाल से नथमल सेवग के मकान तक व इससे पूर्व की ओर गोगामेड़ी, सोहनजी कटला, काशीराम सोनी होते हुए हरिकिशन बाहेती के मकान तक।	1282
37	शिव मिडिल स्कुल से उत्तर की ओर राजकिय बालिका विद्यालय होते हुए माहेश्वरी भवन तक तथा इससे पश्चिम की तरफ मुड़कर नेहरू पार्क, गणपत जी बिहाणी का मकान, ओमप्रकाश छंगाणी होते हुए शिवनारायण राठी के नोहरे तक व इससे उत्तर की तरफ मुड़कर मकान शिवनारायण राठी, अशोक माली होते हुए बृजाराम जी शर्मा के मकान तक इसके पश्चात पश्चिम की ओर मुड़कर सीताराम माली, राधाकिशन सोनी के मकान को शामिल करते हुए नागरमल जाट के मकान तक तथा इससे दक्षिण की ओर गोगामेड़ी स्कुल, पत्रकार शुभकरण पारिक, बुलाराम प्रजापत, रेवन्तजी दुसाद के मकान से होते हुए बंशीलाल नाई के नोहरे तक व इससे पूर्व की तरफ मुड़कर बच्छराज बोथरा, राजेन्द्र प्रसाद चाण्डक, चेतन राम माली की बाड़ी व कुआ को शामिल करते हुए शिव मिडिल स्कुल तक।	1134

38	शान्ति साड़ी सेन्टर से उत्तर बंसती झंवर, कुन्दनमल जी बाहेती से प्रहलाद सुनार तक व इससे पश्चिम की ओर रामेश्वरलाल तोसनीवाल का नोहरा सन्जु पारिक होते हुए सम्पत पुरोहित तक तथा इससे होते हुए हुलास जी सोनी तक तथा इससे पूर्व की ओर गोपालजी वैद्य, ओम टावर होते हुए शान्ति साड़ी सेन्टर तक।	1227
39	भंवरलालजी तिवाड़ी के मकान से उत्तर सोहनमामा का मकान, नरसी महाराज होते हुए खेताराम पाण्डिया के मकान तक तथा इससे पूर्व की ओर दुकान विनोद बोहरा, दुकान राधेश्याम जोशी से पोकरजी आसोपा के नोहरे तक व इससे दक्षिण की ओर गोविन्द सुनार का मकान, बंशीजी प्रजापत होते हुए लालजी प्रजापत के मकान तक व इससे पश्चिम सीताराम पाण्डिया का मकान, त्रिलोक जी शर्मा, डूंगरनाई की चक्की होते हुए भंवरलालजी तिवाड़ी के मकान तक।	1449
40	जगदिश प्रसाद जोशी के मकान से उत्तर सीताराम पारिक, बालाराम प्रजापत, विष्णु प्रजापत के मकान के आगे न.पा. सीमा तक ट्युबबेल को शामिल करते हुए बीड़ में न.पा.सीमा से टकराकर पश्चिम की ओर न.पा.सीमा के सहारे-सहारे बढ़कर दक्षिण की ओर स्वामीयों का मकान, सेवाराम नाई का घर, हीरदास स्वामी का घर, जयदयाल जोशी होते हुए सोनी कुआ के सामने टाडा तक तथा इससे पूर्व की ओर गिरधारी पुरोहित का घर, श्रीकिशन जी पारीक, प्रेम तांवणियां के मकान से होते हुए जगदिश प्रसाद जोशी के मकान तक।	1499

राज्य केन्द्रीय मुद्रणालय, जयपुर।